## एक नजर में

### लायंस क्लब सनावद सृजन द्वारा सेवा सप्ताह के तहत नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन



**सनावद, निप्र।** लायंस क्लब सनावद सृजन ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत मेंटल हेल्थ और नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर आयुर्वेद और पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र पटेल ने मजदूरों को शराब के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी बर्बाद करता है। कार्यशाला में क्लब की अध्यक्ष उर्मिला जैन ने भी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में सहसचिव संजय आर्य, जितेंद्र मौर्य, हेमेंद्र सज्जन, सुधीर जैन, सचिन कटारिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस आयोजन ने समाज में जागरूकता फैलाने और नशा मुक्ति की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया।

### शासकीय महाविद्यालय में सघन जागरूकता अभियान के तहत किया जागरूक



**कसरावद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय कसरावद में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खरगोन के पत्र अनुसार 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2025 तक सगन जागरूकता अभियान के तहत प्राचार्य डॉ आर एस ठाकुर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद से एड्स प्रभारी श्री हिमांशु राठौर द्वारा एचआईवी संक्रमण बचाव के उपाय, एचआईवी के लक्षण, एचआईवी से समाज में फैली हुई भ्रांतियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आभार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस आर सोलंकी ने माना कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विजय सिंह मंडलोई, डॉ डी आर राजपूत, प्रो एम एस भाटिया, एवं एनएसएस इकाई के छात्र उपस्थित रहे।

### लेखापाल को सीएमओ ने निलंबित किया

**बिस्टान, निप्र।** नगर परिषद के प्रभारी लेखापाल को सीएमओ ने निलंबित कर दिया। पूर्व में लेखापाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इसकी जांच के लिए कलेक्टर ने दल गठित किया था। इसमें वित्तीय व लेखा नियमों का पालन करने पर सहायक ग्रेड 2 लेखापाल नरेंद्र सिंह परिहार को सूचना पत्र दिया गया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नपा की पीआईसी ने बुधवार को निर्णय लेकर गुरुवार को सीएमओ संतोष कुमार पाराशर ने लेखापाल के निलंबन के आदेश जारी किए।

### शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे सचिन यादव

**भीकनगांव।** कसरावद विधानसभा क्षेत्र के विधायक सचिन यादव कल भीकनगांव पधारे। वे यहां पर श्री शरद अत्रे रोशन चौबे, अंकित चौबे, ओम त्रिपाठी एवं संजय लाड़ के यहां उनके परिजनों की मृत्यु के बाद शोक संवेदना प्रगट करने पहुंचे थे उनके साथ जैन राजनीतिक चेतन मंच के जिला अध्यक्ष युवा नेता पारस कासलीवाल पत्रकार अरविंद जैन, दिनेश गीते, पवन चौबे एडवोकेट हिमांशु अत्रे एडवोकेट, जनपद सदस्य शांतिलाल मुकाती विधायक प्रतिनिधि संजय पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता साथ थे।

### कॉलेज ग्राउंड पर लगेगी पटाखों की दुकान, आज होगी पटाखा दुकानों की नीलामी प्रक्रिया



**बड़वाह, निप्र।** इस बार भी दीपावली नगर पालिका के लिए धमाकेदार साबित हो सकती है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली पर लगने वाला पटाखा बाजार शासकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में ही लगेगा। यहां पर नगर पालिका की ओर से ले-आउट करके नंबरिंग की जाएगी। इसके पहले शुक्रवार को नगर पालिका सभाग्रह में नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, सीएमओ कुलदीप किशुंक ने पटाखा दुकानदारों की बैठक ली। जिसमे इस बार भी नीलामी प्रक्रिया से दुकाने आबंटित करने पर निर्णय हुआ। नपाध्यक्ष ने कहा कि 32 दुकाने आबंटित की जायेगी। नियम अनुसार ही दुकाने लगाने के लिए नम्बरिंग की जाएगी, इन नियमो के अनुसार ही दुकाने लगाए। पटाखा व्यापारियो से चर्चा करने के बाद सीएमओ ने कहा कि पांच हजार रूपये राशि जमा करके शनिवार को होने वाली नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते है, इसके लिए दुकानदार के पास लायसेंस होना अनिवार्य है। शनिवार दोपहर एक बजे नपा सभाग्रह में पटाखा दुकानों के लिए नीलामी प्रक्रिया होगी। पाच हजार से नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष करीब पांच लाख 87 हजार 800 रुपए से अधिक राजस्व नगर पालिका को प्राप्त हुआ था। इस बार इससे अधिक राजस्व मिलने का अनुमान है। दुकान के 100 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होगी, प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान में पानी से भरे ड्रम एवं रेती से भरी कम से कम दो बाल्टी रखेगा।

### कसरावद नगर परिषद पर अवकाश नगदीकरण एवं जीपीएस राशि रोकने का आरोप

**कसरावद, निप्र।** नगर परिषद कसरावद पर स्वच्छ संरक्षक के परिवार को शासनादेश अनुसार मिलने वाली अवकाश नगदीकरण राशि न देने का आरोप सामने आया है जानकारी के अनुसार फिरोज खान पिता स्व. याकूब की माता स्व. अमीरन पति याकूब नगर परिषद में स्वच्छ संरक्षक पद पर पदस्थ थीं। सेवा निवृत्ति के बाद उनका लगभग 10 माह पूर्व निधन हो गया, लेकिन अब तक परिजन को बकाया राशि प्राप्त नहीं हुई है। परिजनों का कहना है कि स्व. अमीरन खान ने जीवनकाल में कई बार यह भुगतान दिलाने की कोशिश की, किंतु निकाय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी मुद्दे पर पुत्र फिरोज खान ने आक्रोश जताते हुए नगर परिषद कार्यालय में आत्मदाह की चेतावनी दे डाली। बाद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश गोले के समझाइश देने और आश्वासन मिलने पर मामला शांत हुआ। सीएमओ का कहना है कि वर्तमान में परिषद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। न तो कोई नया निर्माण कार्य हो रहा है और न ही दुकानें आवंटित की जा रही हैं, जिससे राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे ही परिषद की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, अवकाश नगदीकरण की राशि परिजनों को प्रदान कर दी जाएगी।

# लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कसरावद पुलिस ने किया लूट का खुलासा, मोबाइल, 8 हजार रुपए बरामद किया



नवभारत न्यूज़

**कसरावद।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग जी के द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी, श्वेता शुक्ला अनुभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को लूट के अपराध में बड़ी सफलता हासिल हुई है। घटना का संक्षिप्त विवरण- घटना दिनांक 09.10.2025 के दोपहर करीब 02-15 बजे, ग्राम जावदा घाटी के पास एक लूट की वारदात हुई। फरियादी लालू उर्फ प्रेम पिता समरथ पटेल जाति कुनबी उम्र 30 साल निवासी ग्राम जावदा व पीड़िता राजल बाई पति सीताराम बामने उम्र 45 साल निवासी ग्राम बिठेर को 5 अज्ञात बदमाशों ने घेर कर मारपीट करते हुए नकदी, मोबाइल व फोन पे से राशि लूट ली थी। आरोपियों ने फरियादी का ओप्पो ए-5त्र एंड्रॉयड मोबाइल 18,000/- रुपए, नकद 6,200/- तथा राजल बाई का कीपेड मोबाइल कीमती 2,000/- रुपए, नगदी 4,000/- रुपए लूट लिए। इसके साथ ही फरियादी लालू उर्फ प्रेम से फोन पे से कुल 400/- भी जबरन ट्रांसफर करवा लिए थे। जिसकी सूचना पर थाना कसरावद में अपराध क्रमांक 449/25 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियों की पतारसी की जा रही थी तथा घटना स्थल के आसपास के प्रमुख स्थानों एवं रास्तों का CCTV फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए, इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना कारित करने वाले आरोपी धरमपुरी फाटा प्रतिक्षालय थाना बलकवाड़ा क्षेत्र में पार्टी कर रहे है प्राप्त मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर पुलिस बल को भेजकर सभी 5 आरोपी क्रमशः 1. आनंद पिता मुकेश अजनारे निवासी ग्राम धरमपुरी, 2. चंदन पिता नरेन्द्र अजनारे निवासी ग्राम धरमपुरी, 3. अमन पिता देवचन्द अजनारे निवासी ग्राम धरमपुरी, 4. राहुल पिता सुरेश भुरिया निवासी ग्राम धरमपुरी एवं 5. करण पिता कालू सिसोदिया, निवासी ग्राम बैसरकुण्ड को घेराबंदी कर धर दबोचा बाद सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ की गई जिन्होंने घटना करना स्वीकार किया बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया बाद आरोपीगणों के मेमोरैण्डम कथन लेख किए गए जिन्होंने लूटी गई नकदी एवं फरियादी व पीडिता का मोबाईल अपने घरों में छिपाकर रखना बताया बाद आरोपी राहुल के घर के बाजु में बनी टपरी से 6000/- रुपए व मोटर सायकल एचएफ डिलक्स MP-10-NC-0816 एवं आरोपी चंदन के घर के सामने से मोटर सायकल बजाज पल्सर MP-10-NB-0878, आरोपी करण के घर से 02 मोबाईल कीमती 2000/- रुपए एवं 2000/- रुपए नगदी।

### गिरफ्तार आरोपी

1. आनंद पिता मुकेश अजनारे जाति भील उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरी
2. चंदन पिता नरेन्द्र अजनारे जाति भील उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरी
3. अमन पिता देवचन्द अजनारे जाति भील उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरी
4. राहुल पिता सुरेश भुरिया जाति भील उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धरमपुरी
5. करण पिता कालू सिसोदिया जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बैसरकुण्ड

### बरामद मशरूका

01 ओप्पो ए-5 प्रतिशत एंड्रॉयड मोबाइल कीमत 18,000/-, 01 कीपैड मोबाइल कीमत 2,000/-, नकदी 08,000/-रुपए, कुल मशरूका कीमत 28,400/- रुपए जप्त आरोपी के मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल : घटना में प्रयुक्त 03 मोटर सायकल कुल कीमती 02 लाख रुपए एवं आरोपियों के कुल 04 मोबाईल कीमती 50,000/- रुपए को प्रकरण में किया जप्त।

### सराहनीय योगदान

इस सफल कार्रवाई में निम्न अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही। उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि महेश यादव, उनि जितेन्द्र कवचे, प्रआर.820 संजय यादव, प्रआर.569 भावसिंह मोरे, प्रआर.717 माधव गोले, आर.622 मुकेश मुवेल, आर.760 हरिओम कौशिक, आर.673 महेन्द्र ठाकुर, आर.1068 बलराम मुकाति, आर.1064 सौरभ बघेल, आर.900 वीरेश, आर.776 रामू एवं आर.अभिलाष, आर सचिन एवं सायबर सेल का विशेष योगदान रहा। यह सफलता कसरावद पुलिस की तत्परता, सतर्कता और टीमवर्क का प्रत्यक्ष उदाहरण है। थाना क्षेत्र की जनता से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकें।

## खण्डस्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में चर्चा



**भीकनगांव।** गुरुवार को जनपद पंचायत कार्यालय, भीकनगांव के सभागृह में विधायक सचिन यादव की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खण्ड स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से खरगोन उद्वहन, चौण्डी-अंदड़ एवं बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजनाओं के प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक यादव ने इन परियोजनाओं को क्षेत्र की कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन सिंचाई परियोजनाओं से हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। विधायक ने विभागीय अधिकारियों से परियोजना के तकनीकी पहलुओं, नहर लाइनिंग, जल वितरण प्रणाली तथा किसानों तक जल पहुँचाने की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गांव में पेयजल संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने जल स्त्रोतों की मरम्मत, मोटर पंपों की कार्यशीलता और टैंकों की सफाई नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। विधायक यादव ने कहा कि - विकास कार्यों की निगरानी और समीक्षा का उद्देश्य यही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में आमजन तक पहुँचे। सिंचाई, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। बैठक के अंत में उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों, सड़कों, नालों एवं जनसुविधाओं से संबंधित योजनाओं की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

## किसानों ने विधायक राजकुमार मेव को दिया ज्ञापन, अतिवृष्टि पीड़ित जिलों में करें शामिल



**मंडलेश्वर, निप्र।** महेश्वर तहसील के किसान शुक्रवार दोपहर विधायक राजकुमार मेव को ज्ञापन देने पहुंचे और वहीं धरने पर बैठ गए। जब किसान विधायक निवास पहुंचे तब विधायक क्षेत्र के दौरे पर थे। किसान 12 बजे से 2 बजे तक विधायक निवास के बाहर बैठ गए। विधायक अपने दौरे से लौटे और उन्होंने किसानों की समस्या सुनी। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में जमकर नारे लगाए। इसके बाद महासंघ के महेश्वर तहसील अध्यक्ष राकेश पाटीदार महासंघ के निमाड़ मालवा प्रांत अध्यक्ष राकेश गुर्जर, संभागीय उपाध्यक्ष शंकरलाल जाट तहसील उपाध्यक्ष मोहन पाटीदार मंत्री बलराम पाटीदार ने किसानों की समस्याओं का एक ज्ञापन विधायक राजकुमार मेव को सौंपा। किसान नेता बलराम पाटीदार ने बताया कि महेश्वर तहसील में खरीब की 80 प्रतिशत फसलें खराब हो गई है लेकिन अतिवृष्टि पीड़ित जिलों में खरगोन जिले को शामिल नहीं किया गया है जबकि सरकार ने 17 जिलों के किसानों के लिए मुआवजा घोषित किया है। सरकार खरगोन जिले को भी अतिवृष्टि वाले जिलों में शामिल कर मुआवजा घोषित करे। इसके अलावा सोयाबीन खरीदी के लागू भवांतर योजना को बंद को की जाय। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदा जाए सभी फसलें अतिवृष्टि से प्रभावित हुई इसलिए सभी फसलों को 12 प्रतिशत नमी के स्थान पर 25 प्रतिशत नमी घोषित की जाए। अतिवृष्टि में 80 प्रतिशत फसलें खराब हुई है इसलिए 40 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से राहत राशि दी जाए। जिन किसानों की कृषि भूमि बड़वाह धामनोद फोर लेन सड़क में अधिग्रहीत की जा रही है उन्हें वर्तमान गाइडलाइन से चार गुना राशि दी जाए, सहकारी समितियों से खाद बीज और दवाइयां खातेदार किसानों के अलावा भी अन्य किसानों को भी नगद में दी जाए ताकि दवा व्यापारियों की कालाबाजारी खत्म की जा सके।

## पल्स पोलियो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली वाहन रैली



**खरगोन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने 10 अक्टूबंर को पल्स पोलियो अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के लिए पुराना अस्पताल परिसर से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रैली पुराना अस्पताल परिसर, एमजी रोड, श्रीकृष्ण टॉकिज, बस स्टेड गायत्री मंदिर होते हुए जिला चिकित्सालय पहुंची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान ने बताया कि हमारा भारत देश पोलियो मुक्त हो चुका है, परन्तु हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पोलियो के केश अभी भी पाये जा रहे। उन्होंने बताया कि जिले में 12 अक्टूबर को सघन पल्स पोलियो अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय भट्ट द्वारा बताया गया कि 12, 13 व 14 अक्टूबंर 2025 को सम्पूर्ण जिलें में पल्स पोलियों अभियान संचालित किया जाना हैं। अभियान अन्तर्गत जन्म से लेकर पॉच वर्ष तक के कुल 262150 बच्चों को पोलियों रोधी दवाई पिलाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए अग्रिम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके लिए जिले में कुल 2029 बुथ, 69 मोबाईल टीमों को गठन किया गया हैं। वहीं पोलियों रोधी दवाई पिलाने के लिए कुल 4112 कार्यकर्ताओं द्वारा सेवाएं दी जाएगी। सेवाओं की गुणवत्ता एवं निरन्तरता बनाये रखने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर से 230 पर्यवेक्षकों के दलो का गठन किया गया हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान ने जन समुदाय से अपील की है कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अभियान के प्रथम दिन 12 अक्टूंबर 2025 को ही अपने नजदीकी बूथ पर पोलियों रोधी खुराक अवश्य पिलाएं। रैली में उपस्थित समस्त अधिकारियो, कर्मचारियो का आभार डॉ धीरेन्द्र सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

**एक नजर में** — जीएसटी टैक्स पर व्यापारियों को मिला मार्गदर्शन

# नगर व्यापारी संघ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज़

**महेश्वर, निप्र।** नगर व्यापारी संघ महेश्वर का गुरुवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम पार्वती माता मंदिर जाम गेट पर गरिमामय वातावरण में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता अहिल्या एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश अग्रवाल व कार्यक्रम अध्यक्ष रसनिधि कुमार गुप्ता थे। अतिथियों के सानिध्या में निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में उद्बोधन वक्ता के रूप में महेश्वर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, वरिष्ठ व्यापारी सुरेश अग्रवाल, हरिनारायण गुप्ता, अर्जुन ठाकुर, डॉ. एम. एल. सोनी, अजय बिल्लौरे, हेमंत जैन और आशीष घाटे ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन नगर व्यापारी संघ के सचिव द्वारा किया वहीं कमल महाजन ने आभार व्यक्त किया।





**जीएसटी पर अतिथियों ने दी जानकारी :** नगर व्यापारी संघ महेश्वर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि कैलाश अग्रवाल तथा रस निधि कुमार गुप्ता द्वारा संबोधन के दौरान त्वस्ज्ञ की कार्य प्रणाली को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। जबकि कैलाश अग्रवाल ने अपने संबोधन के दौरान कहा की उद्योग- व्यवसाय देश की उन्नति का आधार है। व्यापारी हमेशा व्यापार व्यवसाय के साथ राष्ट्र की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। ? इस अवसर पर नगर व्यापारिक संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार ने व्यापारिक संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी साथ ही व्यापारी संघ हित में संगठनात्मक रुप कार्य करने की बात कही। समारोह के पश्चात उपस्थित सभी सदस्य एवं अतिथियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। नगर व्यापारी संघ के नितिन मनोरे, धरमदास वाधवानी, सुभाष पाटीदार, प्रितपालसिंह टुटेजा, ,गिरिराज सराफ , भोलू सराफ, वीरेंद्र पाटीदार ,दिनेश यादव ,रवि सराफ ,गौरवशर्मा ,शेरू अंसारी रवि सराफ, डॉ दिनेश पाटीदार, आदि। एवं अन्य गणमान्य व्यापारी उपस्थित थे।

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अपनी व्यापारिक गतिविधियों से महेश्वर के व्यापार एवं व्यापार संघ में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए नगर के व्यापारी महेश पाटीदार, अजय बिल्लौरे, अखिलेश पाटीदार, डॉ. एम. एल. सोनी, गजेंद्र जैन और वसंत श्रावणेकर , विवेक जैन, सुभाष पाटीदार आदि का सम्मान किया गया।